आया तेरे धाम बाबा खा के धक्के

आया तेरे धाम बाबा खा के धक्के,
बना कही न काम बाबा खा के धक्के,

नाच रहा था बन कठपुलती इस ऊँगली तो कभी उस ऊँगली,
भटका हिन्दुस्तान बाबा खा के धक्के,
बना कही न काम ...

भाँती भाँती के झंडे उठाये इसको चढ़ाये उसको चढ़ाये,
आखिर थामन श्याम बाबा खा के धक्के,
बना कही न काम ...

उमीदो का लेके झोला दर दर घुमा सबको टटोला,
हुआ बड़ा परेशान बाबा खा के धक्के,
बना कही न काम ...

जो ग्यारस खाटू में बिता ले किस्मत होती श्याम हवाले,
मिला पवन को ज्ञान बाबा खा के धक्के,
बना कही न काम ...

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/5702/title/aaya-tere-dhaam-baba-kha-le-dhaake-bna-kahi-na-kaam-baba-kha-le-dhaake

अपने Android मोबाइल पर [BhajanGanga]() App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |